**1.** निम्नलिखित में से पूर्वी हिन्दी की बोलियों में शामिल नहीं है :

(1) अवधी

(2) बघेली

(3) छत्तीसगढ़ी

(4) कन्नौजी

**2.** वर्ण और उसके उच्चारण की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) छ – तालव्य

(2) ठ – मूर्धन्य

(3) ग – दंत्य

(4) भ – ओष्ठ्य

**3.** निम्नलिखित में एक अक्षर वाला शब्द नहीं है :

(1) क्या

(2) आज

(3) अंत

(4) प्यास

**4.** निम्नलिखित में बहुव्रीहि समास का उदाहरण है :

(1) रसोई घर

(2) दो-चार

(3) मुखचंद्र

(4) गिरिधर

**5.** निम्नलिखित में कौन-सा युग्म असंगत है :

(1) रात-दिन – द्वन्द्व

(2) रातोंरात – अव्ययीभाव

(3) गजानन – कर्मधारय

(4) गिरिधर – बहुव्रीहि

**6.** निम्नलिखित में ह्रस्व स्वर नहीं है :

(1) अ

(2) इ

(3) ए

(4) उ

pgtprime.com

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) 'चलाना', 'चिकनाना' और रंगना आदि मूल धातु कहलाते हैं।

(2) व्युत्पत्ति के अनुसार धातु के दो रूप होते हैं।

(3) मूलधातु वे हैं जो किसी दूसरे शब्द से न बने हों।

(4) यौगिक धातु तीन प्रकार से बनते हैं।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द नासिक्य स्वर वाला नहीं है?

(1) कहाँ

(2) बिंध

(3) पढें

(4) सवार

9. 'बीती विभावरी जाग री!

अंबर पनघट में डुबो रही,

ताराघट उषा नागरी' - में निम्नलिखित में से कौन-सा अलंकार है?

(1) उपमा

(2) रूपक

(3) उत्प्रेक्षा

(4) अन्योक्ति

10. निम्नलिखित में एकार्थी शब्द है :

(1) वस्त्र

(2) असीम

(3) अहंकार

(4) कपास

11. विशेषण और उसके उदाहरण की दृष्टि से निम्नलिखित में कौन-सा असंगत है?

(1) वहाँ कौन आदमी जा रहा है - परिमाणवाचक विशेषण

(2) वह कक्षा में प्रथम आयी है - सार्वनामिक विशेषण

(3) उसके पास आधे पैसे रह गए हैं - संख्यावाचक विशेषण

(4) आधुनिक युग कंप्यूटर का युग है - गुणवाचक विशेषण

12. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्दों के वर्गीकरण का आधार नहीं है?

(1) रचना

(2) प्रयोग

(3) अर्थ

(4) वचन

pgtprime.com

**13.** 'आप भला तो जग भला' लोकोक्ति का सही अर्थ है :

(1) शराफत ही सबकुछ है।

(2) अच्छे को सभी अच्छे मिलते हैं।

(3) अपनी बात सदैव सही होती है।

(4) सज्जनता नहीं त्यागनी चाहिए।

**14.** मुहावरे और उसके अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) अक्ल का दुश्मन – मूर्ख व्यक्ति

(2) आँखें नीची होना – लज्जित होना

(3) उंगली पर नाचना – सबकी बात मानना

(4) कलई खुलना – भेद खुल जाना

**15.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(1) परिचर्चा चार–पाँच लोग किसी एक विषय पर विचार–विमर्श करते हैं।

(2) संवाद–अभिनय में दो व्यक्तियों के बीच किसी विषय को लेकर बातचीत होती है।

(3) वाद–विवाद में कुछ व्यक्ति किसी पूर्व निर्धारित विषय के पक्ष में बोलते हैं।

(4) आशुभाषण के लिए विषय तत्काल दिया जाता है।

**16.** अपने से छोटे को पत्र में निम्नलिखित में से किस प्रकार संबोधित किया जाता है ?

(1) मान्यवर

(2) बंधुवर

(3) प्रिय

(4) महाशय

**17.** निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है ?

(1) राय

(2) पंख

(3) अग्नि

(4) सांई

**18.** निम्नलिखित में 'तद्भव' शब्द है :

(1) कवि

(2) आज्ञा

(3) किसान

(4) अग्नि

pgtprime.com

19. निम्नलिखित में से कौन-सा असंगत है?
   (1) राजा नगर में आए - विधानार्थक
   (2) जो काम तुम्हें दिया गया है उसे देखो - आज्ञार्थक
   (3) तुमने तो बहुत अच्छा काम किया - प्रश्नार्थक
   (4) मोहन घर नहीं आया - निषेधवाचक

20. निम्नलिखित में कारक और विभक्ति का कौन-सा युग्म असंगत है :
   (1) कर्ता - ने
   (2) कर्म - से
   (3) संप्रदान - को
   (4) अधिकरण - पर

21. निम्नलिखित में लिंग की दृष्टि से असंगत युग्म है :
   (1) देवर-देवरानी
   (2) सेठ-सेठानी
   (3) जेठ-जेठानी
   (4) पंडित-पंडितानी

22. निम्नलिखित में विशेषण की दृष्टि से असंगत युग्म है :
   (1) काला - घोड़ा
   (2) गरीब - महिला
   (3) धारदार - हथियार
   (4) पानी - सागर

23. निम्नलिखित में से किस शब्द में स्वर संधि नहीं है?
   (1) परमार्थ
   (2) कुशासन
   (3) विद्याभ्यास
   (4) वागीश

24. निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञावाला शब्द नहीं है :
   (1) नदी
   (2) सभा
   (3) पहाड़
   (4) गंगा

pgtprime.com

**25.** 'नौकर गाँव तक गया' वाक्य में रेखांकित शब्द है :

(1) संकेतवाचक

(2) स्वरूपवाचक

(3) संबंधसूचक

(4) उद्देश्यवाचक

**26.** वर्तनी की दृष्टि से कौनसा विकल्प अशुद्ध शब्द का है :

(1) कनिष्ठ, भूख, धोखा

(2) शासन, नास, विकास

(3) वाणी, बाण, पूर्व

(4) क्षमा, प्रणाम, वेणी

**27.** निम्नलिखित में 'औरत' किस भाषा का शब्द है?

(1) अरबी

(2) फारसी

(3) तुर्की

(4) पोर्चुगीज़

**28.** निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) कपड़ा सिला जा चुकेगा – पूर्णताबोधक क्रिया

(2) काम न किया जा सका – शक्तिबोधक क्रिया

(3) पत्र फाड़ डाला जाएगा – आवश्यकताबोधक क्रिया

(4) वह विद्वान समझा जाने लगा – आरंभबोधक क्रिया

**29.** निम्नलिखित में 'सु' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है :

(1) सुगम

(2) सुलभ

(3) स्वरूप

(4) स्वागत

**30.** निम्नलिखित शब्द युग्म में कौन-सा सही विलोमार्थी नहीं है?

(1) अक्षम-सक्षम

(2) तामसिक-सात्विक

(3) अकृत्तिम-नैसर्गिक

(4) दुर्जन-सज्जन

pgtprime.com

**31.** निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य नहीं है :

(1) मेरे को खाना नहीं खाना।

(2) आप अपने घर जाओ।

(3) मैंने उसको बोला कि बहुत मारूँगा।

(4) मोहन बहुत तेज़ दौड़ता है।

**32.** पर्यायवाची शब्द की दृष्टि से कौन-सा शब्द युग्म असंगत है :

(1) नदी - सरिता, तटिनी, तरंगिणी

(2) पक्षी - विहग, खग, मधुप

(3) जल - अंबु, सलिल, वारि

(4) कमल - जलज, राजीव, पंकज

**33.** निम्नलिखित वाक्यों में प्रविशेषण वाला वाक्य है :

(1) मोहन बड़ा ईमानदार व्यक्ति है।

(2) यह पुस्तक मोहन की है।

(3) वह लड़की घर जा रही है।

(4) दौड़ में राधा प्रथम आयी है।

**34.** 'उसने घर आकर भोजन किया' सरल वाक्य का संयुक्त वाक्य है :

(1) वह घर आकर भोजन कर गया।

(2) वह घर आया और उसने भोजन किया।

(3) उसने घर आने के बाद भोजन किया।

(4) वह घर आएगा तो भोजन करेगा।

**35.** 'आपकी वह पुस्तक कहाँ है, जो आप कल लाए थे', निम्नलिखित में से किस प्रकार का वाक्य है ?

(1) संज्ञा उपवाक्य

(2) विशेषण उपवाक्य

(3) क्रिया विशेषण उपवाक्य

(4) विधानवाचक वाक्य

pgtprime.com

**36. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :**

कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है। जहाँ जगत् की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है, इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता में लीन किए रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूति-योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक संबंध की रक्षा और निर्वाह होता है। जिस प्रकार जगत् अनेकरूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है। इस अनेक भावों का व्यायाम और परिष्कार तभी समझा जा सकता है जब कि इन सबका प्रकृत सामंजस्य जगत् के भिन्न-भिन्न रूपों, व्यापारों तथा तथ्यों के साथ हो जाय। इन्हीं भावों के सूत्र से मनुष्य-जाति जगत् के साथ तादात्म्य का अनुभव चिरकाल से करती रही है।

कविता से मनुष्य के हृदय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(1) हृदय की कलुषता मिट जाती है।

(2) हृदय परिवर्तित हो जाता है।

(3) हृदय स्वार्थ सम्बधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठ जाता है।

(4) मनुष्य और स्वार्थी हो जाता है।

**37. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :**

कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है। जहाँ जगत् की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है, इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता में लीन किए रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूति-योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक संबंध की रक्षा और निर्वाह होता है। जिस प्रकार जगत् अनेकरूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है। इस अनेक भावों का व्यायाम और परिष्कार तभी समझा जा सकता है जब कि इन सबका प्रकृत सामंजस्य जगत् के भिन्न-भिन्न रूपों, व्यापारों तथा तथ्यों के साथ हो जाय। इन्हीं भावों के सूत्र से मनुष्य-जाति जगत् के साथ तादात्म्य का अनुभव चिरकाल से करती रही है।

लोक सामान्य भावभूमि की विशेषता क्या है?

(1) वहाँ सपाटता होती है।

(2) वहाँ विषमता होती है।

(3) वहाँ जगत की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार होता है।

(4) वहाँ शुद्ध अनुभूतियों का संचार नहीं होता है।

pgtprime.com

38. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :**

कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है। जहाँ जगत् की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है, इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता में लीन किए रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूति-योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक संबंध की रक्षा और निर्वाह होता है। जिस प्रकार जगत् अनेकरूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है। इस अनेक भावों का व्यायाम और परिष्कार तभी समझा जा सकता है जब कि इन सबका प्रकृत सामंजस्य जगत् के भिन्न-भिन्न रूपों, व्यापारों तथा तथ्यों के साथ हो जाय। इन्हीं भावों के सूत्र से मनुष्य-जाति जगत् के साथ तादात्म्य का अनुभव चिरकाल से करती रही है।

लोक सामान्य भावभूमि पर पहुँचकर क्या होता है?

(1) मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता।

(2) मनुष्य बहुत सचेत हो जाता है।

(3) मनुष्य अपने अस्तित्व को भुला देता है।

(4) वह अपनी सत्ता को बनाए रहता है।

39. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :**

कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है। जहाँ जगत् की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है, इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता में लीन किए रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूति-योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक संबंध की रक्षा और निर्वाह होता है। जिस प्रकार जगत् अनेकरूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है। इस अनेक भावों का व्यायाम और परिष्कार तभी समझा जा सकता है जब कि इन सबका प्रकृत सामंजस्य जगत् के भिन्न-भिन्न रूपों, व्यापारों तथा तथ्यों के साथ हो जाय। इन्हीं भावों के सूत्र से मनुष्य-जाति जगत् के साथ तादात्म्य का अनुभव चिरकाल से करती रही है।

pgtprime.com

जगत और हमारे हृदय के बीच क्या संबंध है?

(1) जगत एक रूपात्मक है और हृदय अनेक रूपात्मक।

(2) जगत अनेक रूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है।

(3) जगत अनेक रूपात्मक है और हमारा हृदय भी अनेक रूपात्मक है।

(4) जगत भावात्मक है पर हमारा हृदय एक रूपात्मक है।

**40. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :**

कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है। जहाँ जगत् की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है, इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता में लीन किए रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूति-योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक संबंध की रक्षा और निर्वाह होता है। जिस प्रकार जगत् अनेकरूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है। इस अनेक भावों का व्यायाम और परिष्कार तभी समझा जा सकता है जब कि इन सबका प्रकृत सामंजस्य जगत् के भिन्न-भिन्न रूपों, व्यापारों तथा तथ्यों के साथ हो जाय। इन्हीं भावों के सूत्र से मनुष्य-जाति जगत् के साथ तादात्म्य का अनुभव चिरकाल से करती रही है।

निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(1) लोक-सामान्य भावभूमि पर पहुँचे मनुष्य की अनुभूति सबकी अनुभूति होती है।

(2) मनुष्य अपनी सत्ता को लोकसत्ता में लीन किए रहता है।

(3) अनिुभूति योग के अभ्यास से मनोविकार दूषित होते हैं।

(4) अनुभूति योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार होता है।

**41.** निम्नलिखित में संज्ञा और विशेषण की दृष्टि से असंगत युग्म है :

(1) लंबा-लंबाई

(2) मौसम-मौसमी

(3) चमक-चमकीला

(4) वर्तमान-निवर्तमान

**42.** रूप के अनुसार संयुक्त क्रियाएं कितने प्रकार की होती हैं ?

(1) आठ

(2) सात

(3) छः

(4) पाँच

**43.** प्रेमचंद की रचनाओं में कौन-सा युग्म असंगत है ?

(1) कायाकल्प - उपन्यास

(2) संग्राम - नाटक

(3) प्रेम की देवी - कहानी

(4) विविध प्रसंग - कहानी संग्रह

**44.** प्रेमचंद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(1) प्रेमचंद हिन्दी कथा साहित्य के शिखर पुरुष जाने जाते हैं।

(2) प्रेमचंद के बचपन का नाम गणपत राय था।

(3) प्रेमचंद अंग्रेजी में एम.ए. करना चाहते थे।

(4) प्रेमचंद ने सरकारी नौकरी से त्याग-पत्र दे दिया था।

pgtprime.com

**45.** प्रेमचंद की 'नमक का दारोगा' कहानी के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) यह अपनी पूर्णता में आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की कहानी है।

(2) यह धन के ऊपर धर्म की जीत की कहानी है।

(3) कहानी का अंत निराशा में होता है।

(4) यह व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार की व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता को अत्यंत साहसिक तरीके से हमारे सामने लाती है।

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) 'सेवा-सदन' उपन्यास में राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन का प्रभावकारी रूप चित्रित हुआ है।

(2) 'निर्मला' उपन्यास में अनमेल-विवाह और उससे जुड़ी समस्याओं को चित्रित किया गया है।

(3) 'गोदान' उपन्यास किसान जीवन की समस्याओं को उजागर करता है।

(4) जालपा और रमानाथ 'गबन' उपन्यास के चरित्र हैं।

**47.** निम्नलिखित में से कृष्ण सोबती की रचना है :

(1) सूरजमुखी अंधेरे के

(2) गलता लोहा

(3) स्पीति में बारिस

(4) जामुन का पेड़

**48.** कृष्णा सोबती की 'मियाँ नसीरुद्दीन' रचना के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है :

(1) इसमें खानदानी नानबाई के व्यक्तित्व का चित्रण है।

(2) इसमें मियाँ नसीरुद्दीन के स्वभाव का चित्रण है।

(3) इसमें मियाँ नसीरुद्दीन की रुचियों का चित्रण है।

(4) मियाँ नसीरुद्दीन संस्मरणात्मक रचना नहीं है।

pgtprime.com

**49.** 'मियाँ नसीरुद्दीन' रचना के आधार पर बताइए कि गढैया मुहल्ला कहाँ है :

(1) लखनऊ में

(2) लाहौर में

(3) अमृतसर में

(4) दिल्ली में

**50.** कृष्णा सोबती के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) हिन्दी कथा-साहित्य में कृष्णा सोबती की विशिष्ट पहचान है।

(2) कृष्णा सोबती के भाषिक प्रयोग में विविधता है।

(3) संस्कृतनिष्ठ तत्समता, उर्दू का बांकपन, पंजाबी की जिंदादिली ये सभी उनकी रचनाओं में मौजूद है।

(4) कृष्णा सोबती को हिन्दी अकादमी का पुरस्कार नहीं मिला था।

**51.** कहानी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) कहानी का विकास मुख्यत: द्वन्द्व के कारण होता है।

(2) कथा का मुख्य आधार पात्र होते हैं।

(3) मुख्य कथानक से ही उपकथानक जन्म लेते हैं।

(4) कथानक कहानी के मुख्य तत्वों में शामिल नहीं है।

**52.** श्रीनिवास, सर्वजया और सुबीर बनर्जी सत्यजित राय किस फिल्म से संबंधित चरित्र हैं?

(1) अपू का संसार

(2) अपराजिता

(3) पथेर पांचाली

(4) गोपी गायेन

**53.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्यजित राय के बारे में सही नहीं है?

(1) पथेर पांचाली (बांग्ला) इनकी प्रथम निर्देशित फिल्म थी।

(2) इनकी अधिकांश फिल्में साहित्यिक कृतियों पर हैं।

(3) प्रेमचंद इनके पसंदीदा साहित्यकार थे।

(4) 'अपू के साथ ढाई साल' संस्मरण 'सद्‌गति' फिल्म के अनुभवों से संबंधित है।

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सी बात संवाद के बारे में सही नहीं है?

(1) संवाद कहानी को आगे बढ़ाते हैं।

(2) संवाद के माध्यम से पात्रों का चरित्र-चित्रण होता है।

(3) संवाद वातावरण बनाने में सहायक नहीं होते हैं।

(4) संवाद कथा के द्वन्द्व को आगे बढ़ाते हैं।

**55.** सत्यजित राय ने अपनी फिल्म के लिए काशफूलों के वन की शूटिंग लगातार न करके एक साल बाद उसी लोकेशन पर क्यों की?

(1) काशफूल सुंदर नहीं थे।

(2) काशफूलों को तोड़ दिया गया था।

(3) काशफूलों को जानवर खा गए थे और फिर एक साल बाद आए।

(4) काशफूल बारिस से खराब हो गए थे और फिर एक साल बाद ही आए।

**56.** निम्नलिखित में से किसका संपादन बालमुकुंद गुप्त ने नहीं किया है?

(1) सरस्वती

(2) भारत मित्र

(3) हिन्दी बंगवासी

(4) हिन्दुस्तान

pgtprime.com

57. निम्नलिखित में कौन-सा कथन 'विदाई-संभाषण' के संदर्भ में सही नहीं है?

(1) इसमें दिखाया गया है कि शासन के आततायी रूप से सबको कष्ट होता है।

(2) इसमें भारतीयों की बेबसी को दर्शाया गया है।

(3) इसमें दु:ख और लाचारी को व्यंग्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

(4) यह लॉर्ड डलहौजी के समय की रचना है।

58. निम्नलिखित में कौन-सा सूचनाओं का प्रामाणिक स्रोत नहीं है?

(1) मंत्रालय के सूत्र

(2) प्रेस कांफ्रेंस और विज्ञप्तियाँ

(3) इंटरनेट और दूसरे संचार माध्यम

(4) चौपाल

59. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना कृष्णचंदर की नहीं है?

(1) शिकस्त

(2) जरगाँव की रानी

(3) निशांत के सहयात्री

(4) अन्नदाता

60. 'स्पीति में बारिस' के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है :

(1) स्पीति, हिमालय की तलहटी में स्थित है।

(2) यह स्थान अपनी भौगोलिक और प्राकृतिक विशेषताओं के कारण अन्य पर्वतीय स्थलों से भिन्न है।

(3) स्पीति में बारिश यात्रा-वृत्तांत है।

(4) कुछ युवा पर्यटकों का पहुँचना स्पीति के पर्यावरण को बदल सकता है।

pgtprime.com

61. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना शेखर जोशी द्वारा रचित नहीं है?

(1) कसप

(2) दाज्यू

(3) साथ के लोग

(4) कोसी का घटवार

62. 'गलता लोहा' रचना के बारे में कौन-सी बात सही नहीं है?

(1) यह लेखक की कहानी-कला का प्रतिनिधि नमूना है।

(2) इसमें समाज के जाति-विभाजन पर कई कोणों से टिप्पणी की गयी है।

(3) कहानी से पता चलता है कि शेखर जोशी के लेखन में अर्थ की गहराई का दिखावा अधिक मिलता है।

(4) कहानी इसका उदाहरण है कि शेखर जोशी के लेखन में वास्तविक अर्थ गांभीर्य अधिक है।

**63.** वंशीधर, धनराम और त्रिलोक सिंह किस रचना में आए चरित्र हैं?

(1) गलता लोहा

(2) नमक का दारोगा

(3) जामुन का पेड़

(4) मियाँ नसीरुद्दीन

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना मन्नू भंडारी द्वारा रचित नहीं है?

(1) जिंदगी और गुलाब के फूल

(2) यही सच है

(3) तीन निगाहों की एक तस्वीर

(4) त्रिशंकु

**65.** मन्नु भंडारी की निम्नलिखित रचनाओं में कौन-सी उपन्यास नहीं है?

(1) आपका बंटी

(2) महाभोज

(3) स्वामी

(4) त्रिशंकु

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मन्नू भंडारी के बारे में सही नहीं है?

(1) नयी कहानी आंदोलन में आए नए मोड़ में मन्नू भंडारी का योगदान रहा है।

(2) मन्नू भंडारी ने आक्रोश, व्यंग्य और संवेदना को मनोवैज्ञानिक रचनात्मक आधार दिया है।

(3) मन्नू भंडारी ने पटकथाएं नहीं लिखी हैं।

(4) उनकी कहानियों में कहीं पारिवारिक जीवन, कहीं नारी जीवन और कहीं समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन की विसंगतियाँ विशेष आत्मीय अंदाज में अभिव्यक्त हुई हैं।

pgtprime.com

**67.** निम्नलिखित में कृष्णचंदर का उपन्यास नहीं है :

(1) मेरी यादों के किनारे

(2) एक वायलिन समंदर के किनारे

(3) जब खेत जागे

(4) एक गिरिजा-ए-खंदक

**68.** 'जामुन का पेड़' रचना से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) जामुन का पेड़, कृष्णचंदर की प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य रचना है।

(2) हास्य व्यंग्य में चीजों को अनुपात के अनुसार रखने की परिपाटी रही है।

(3) विश्वसनीयता ऐसी रचनाओं के मूल्यांकन की कसौटी नहीं हो सकती।

(4) रचना में बताया गया है कि कार्यालयी तौर तरीकों में पाए जाने वाला विस्तार कितना निरर्थक है।

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना कृष्णनाथ द्वारा रचित नहीं है?

(1) मेरी तिब्बत यात्रा

(2) अरुणाचल यात्रा

(3) हिमालय यात्रा

(4) लद्दाख में राग-विराग

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** नहीं है :

(1) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है।

(2) कबीर ने स्वयं को दीवाना कहे जाने का खंडन किया है।

(3) कबीर ने कहा कि संसार बौरा गया है।

(4) कबीर ने नियम और धर्म का पालन करने वाले लोगों की कमियों की ओर संकेत किया।

**71.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सैयद हैदर रजा के बारे में सही नहीं है?

(1) उन्होंने आधुनिक भारतीय कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया।

(2) हसैन सबसे ज्यादा घुमक्कड़ रहे लेकिन उनका केन्द्र भारत रहा।

(3) रजा की कला में पश्चिमी कला दृष्टियों का अभाव है।

(4) रजा ठेठ रूप से भारतीय कलाकार थे।

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना जवाहरलाल नेहरू की लिखी नहीं है ?

(1) भारत की बुनियादी एकता

(2) हिन्दुस्तान की कहानी

(3) स्वाधीनता और उसके बाद

(4) राष्ट्रभाषा की समस्याएं

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है :

(1) संत कवि रैदास मीरा के गुरू माने जाते हैं।

(2) बचपन से ही मीरा के मन में कृष्ण भक्ति की भावना जन्म ले चुकी थी।

(3) मीरा ने अन्य भक्त कवियों की तरह देश में दूर-दूर तक यात्राएं नहीं कीं।

(4) मीरा कृष्ण को अपना आराध्य और पति मानती थीं।

**74.** ''साँच कहौं तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।
नेमी देखा धरमी देखा, प्रात करै असनाना।''
उपर्युक्त वाक्य पंक्तियों के रचनाकार हैं-

(1) रैदास

(2) नानक

(3) कबीर

(4) दादू

pgtprime.com

**75.** रामनरेश त्रिपाठी ने निम्नलिखित में से किस पत्रिका का संपादन किया?

(1) मतवाला

(2) बानर

(3) हिन्दी प्रदीप

(4) सरस्वती

**76.** निम्नलिखित रचनाओं में से कौन-सी रामनरेश त्रिपाठी की है :

(1) मानसी (फुटकल कविता संग्रह)

(2) उत्तरा

(3) स्वर्णकिरण

(4) सन्नाटा

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना सुमित्रानंदन पंत की नहीं है?

(1) वीणा

(2) ग्रंथि

(3) पल्लव

(4) पथिक

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) रामनरेश त्रिपाठी की कविता में देश-प्रेम और वैयक्तिक प्रेम दोनों मौजूद हैं।

(2) पंत ने नाटक, कहानी, आत्मकथा, उपन्यास आदि विधाओं में भी रचना की है।

(3) भवानी प्रसाद मिश्र को कविता का गांधी कहा जाता है।

(4) त्रिलोचन को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**79.** निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) सड़क वापस जाती है – कृष्णचंदर

(2) आंखों देखा झूठ – कृष्णा सोबती

(3) स्वप्न – रामनरेश त्रिपाठी

(4) ग्रंथि – सुमित्रानंदन पंत

**80.** निम्नलिखित कृतियों में पाश द्वारा रचित कृति है :

(1) लौह कथा

(2) अपने घर की तलाश में

(3) एक कंठ विषपायी

(4) रोजनामचा

pgtprime.com

81. निम्नलिखित में भवानीप्रसाद मिश्र की रचना नहीं है :

(1) युगवाणी

(2) गीतफरोश

(3) थकित है दु:ख

(4) इदं न मम्

82. निम्नलिखित में कवि त्रिलोचन की रचना नहीं है :

(1) ब्रह्मराक्षस

(2) जीने की कला

(3) मुक्तिबोध की कविताएं

(4) काव्य और अर्थबोध

83. निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) छोटे-छोटे सवाल - उपन्यास

(2) मुक्तिबोध की कविताएं - गद्य

(3) मेरी यादों के किनारे - उपन्यास

(4) एक इंच मुस्कान - कहानी संग्रह

84. ''आज पानी गिर रहा है,
बहुत पानी गिर रहा है,
रातभर गिरता रहा है,
प्राण मन घिरता रहा है''। - प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(1) भवानी प्रसाद मिश्र

(2) त्रिलोचन

(3) पाश

(4) निर्मला पुतुल

85. निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) आत्म परिचय - हरिवंशराय बच्चन

(2) उषा - शमशेर बहादुर सिंह

(3) पतंग - भवानीप्रसाद मिश्र

(4) कविता के बहाने - कुंवर नारायण

pgtprime.com

**86.** निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) भक्तिन – मीराबाई

(2) बाज़ार दर्शन – जैनेन्द्र

(3) नमक – रजिया सज्जाद जहीर

(4) शिरीष के फूल – हजारी प्रसाद द्विवेदी

**87.** निम्नलिखित में हरिवंशराय बच्चन की रचना नहीं है :

(1) निशा निमंत्रण

(2) एकांत संगीत

(3) मिलन यामिनी

(4) हे मेरी तुम

**88.** ''मैं जगजीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ।''
कविता की उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार हैं :

(1) शमशेर बहादुर सिंह

(2) हरिवंश राय बच्चन

(3) कुंवर नारायण

(4) त्रिलोचन

**89.** ''सबसे तेज बौछारें गयीं सावन गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा''
उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार है :

(1) शमशेर बहादुर सिंह

(2) आलोक धन्वा

(3) कुंवर नारायण

(4) रघुवीर सहाय

**90.** निम्नलिखित में से कुंवर नारायण का कविता संग्रह नहीं है :

(1) चक्रव्यूह

(2) परिवेश : हम तुम

(3) अपने सामने

(4) भूरी-भूरी खाक धूल

pgtprime.com

91. ''बात सीधी थी पर एकबार
भाषा के चक्कर में
जरा टेढ़ी फंस गयी।'' – प्रस्तुत कविता की पंक्तियाँ किस कवि की हैं?
(1) नागार्जुन
(2) त्रिलोचन
(3) शमशेर बहादुर सिंह
(4) कुंवर नारायण

92. निम्नलिखित में से दूसरा तारसप्तक के कवियों में शामिल हैं :
(1) नागार्जुन
(2) त्रिलोचन
(3) रघुवीर सहाय
(4) कुंवर नारायण

93. ''हम दूरदर्शन पर बोलेंगे
हम असमर्थ शक्तिवान
हम एक दुर्बल को लाएंगे
एक बंद कमरे में'' – प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ किस कवि की कविता से हैं?
(1) रघुवीर सहाय
(2) नागार्जुन
(3) धर्मवीर भारती
(4) हरिवंशराय बच्चन

94. मुक्तिबोध द्वारा लिखित रचना 'विपात्र' है :
(1) कविता
(2) कहानी
(3) नाटक
(4) उपन्यास

95. शमशेर बहादुर सिंह को उनकी किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?
(1) कुछ कविताएँ
(2) चुका भी हूँ मैं नहीं
(3) कुछ और कविताएँ
(4) बात बोलेगी

pgtprime.com

**96.** निम्नलिखित में से कौन–सी कृति सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की नहीं है?

(1) अनामिका

(2) परिमल

(3) गीतिका

(4) झरना

**97.** ''अशनि–पात से शामित उन्नत शत–शत बीर,
क्षत्–विक्षत, हत अचल – शरीर –
गगन–स्पर्शी स्पर्द्धा धीर।'' – वाक्य पंक्तियाँ किस रचनाकार की हैं?

(1) सुमित्रानंदन पंत

(2) जयशंकर प्रसाद

(3) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(4) महादेवी वर्मा

**98.** निम्नलिखित रचनाओं में कौन–सी तुलसीदास की नहीं है?

(1) गीतावली

(2) दोहावली

(3) रामाज्ञा–प्रश्न

(4) रामचंद्रिका

**99.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन तुलसीदास के बारे में सही नहीं है?

(1) तुलसीदास लोकमंगल की साधना के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

(2) तुलसीदास की लोक और शास्त्र दोनों में गहरी पैठ नहीं थी।

(3) जीवन और जगत की व्यापक अनुभूति और मार्मिक प्रसंगों की उन्हें अचूक समझ थी।

(4) अपने समय में हिन्दी प्रदेश में प्रचलित सारे भावात्मक व काव्यभाषायी तत्वों का प्रतिनिधित्व करते थे।

**100.** निम्नलिखित में कौन–सा कथन सही नहीं है?

(1) चौपाई सम मात्रिक छंद है।

(2) दोहा अर्द्ध मात्रिक छंद है।

(3) कवित्त वार्णिक छंद है।

(4) सवैया छंद का भेद नहीं होता है।

**101.** निम्नलिखित में से कौन–सी रचना फिराक गोरखपुरी की नहीं है :

(1) गुले नग़मा

(2) बज़्मे जिंदगी

(3) रंगे शायरी

(4) ठंडा लोहा

pgtprime.com

**102.** शब्द और उसके अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द-युग्म सही नहीं है :

(1) नौरस – नया रस

(2) शब – रात

(3) फितरत – आदत

(4) गिरहें – बगल

**103.** उमाशंकर जोशी की कृतियों से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असंगत है?

(1) महाप्रस्थान – एकांकी

(2) शहीद – कहानी

(3) विसामो – कविता

(4) श्रावणी – उपन्यास

**104.** महादेवी वर्मा को उनकी किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(1) यामा

(2) दीपशिखा

(3) आपदा

(4) सांध्यगीत

**105.** 'बाज़ार-दर्शन' रचना से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) इसमें गहरी वैचारिकता और साहित्य सुलभ लालित्य का दुर्लभ संयोग है।

(2) इसमें बताया गया है कि यदि अपनी आवश्यकताओं को ठीक-ठीक समझकर बाजार का उपयोग करें तो हम उसका लाभ उठा सकते हैं।

(3) जरूरत को समझकर बाजार में जाने के बजाय उसकी चमक-दमक में फंस जाने पर भी हम उसका लाभ उठा सकते हैं।

(4) बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को इसमें अनीतिशास्त्र बताया गया है।

pgtprime.com

**106.** धर्मवीरभारती की निम्नलिखित रचनाओं में से कौन-सा कविता-संग्रह नहीं है?

(1) कनुप्रिया

(2) कोई दूसरा नहीं

(3) सात-गीत वर्ष

(4) ठंडा लोहा

**107.** निम्नलिखित में शब्द और उसके अर्थ की दृष्टि से कौन-सा युग्म असंगत है?

(1) दुर्वह – जिसे ढोना कठिन हो

(2) विधात्री – पालनहार

(3) पुराखिन – बुजुर्ग महिला

(4) कुंचित – सिकुड़ी हुई

**108.** निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी फणीश्वरनाथ रेणु की नहीं है?

(1) तीसरी कसम

(2) रसप्रिया

(3) ठेस

(4) मित्र-मिलन

**109.** निम्नलिखित संस्मरणों में कौन-सा फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा लिखित संस्मरण नहीं है?

(1) पथ के साथी

(2) ऋणजल धनजल

(3) वन तुलसी की गंध

(4) श्रुत-अश्रुत पूर्व

**110.** निम्नलिखित में से विष्णु खरे का कविता-संग्रह नहीं है :

(1) एक गैर रूमानी शहर में

(2) खुद अपनी आँख से

(3) पिछला बाकी

(4) अरघान

**111.** 'आलोचना की पहली किताब' किसकी रचना है?

(1) रघुवीर सहाय

(2) विष्णु खरे

(3) शमशेर बहादुर सिंह

(4) मुक्तिबोध

**112.** रजिया सज्जाद जहीर मूलतः किस भाषा की रचनाकार है?

(1) हिन्दी

(2) उर्दू

(3) फारसी

(4) पंजाबी

**113.** 'नमक' कहानी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी बात सही है?

(1) देश के विभाजन के बाद भारत आयी सिख महिला भारत को ही अपना घर बताती है।

(2) कस्टम अधिकारी सुनील दासगुप्ता ढाका को अपना वतन बताता है।

(3) अमृतसर पुल पर चढ़ते समय कस्मट अधिकारी सफिया को बुला रहा था।

(4) सफिया के भाई ने उसको नमक ले जाने की सलाह दी थी।

pgtprime.com

**114.** प्रकाशन की दृष्टि से हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों का सही अनुक्रम है :

(1) अशोक के फूल, कल्पलता, विचार और वितर्क, कुटज

(2) अशोक के फूल, विचार और वितर्क, कल्पलता, कुटज

(3) विचार और वितर्क, अशोक के फूल, कुटज, कल्पलता

(4) विचार और वितर्क, कुटज, कल्पलता, अशोक के फूल

**115.** निम्नलिखित में कौन-सा निबंध-संग्रह हजारीप्रसाद द्विवेदी का नहीं है ?

(1) अशोक के फूल

(2) प्राचीन भारत के कलात्मक विनोद

(3) कुटज

(4) सोच-विचार

**116.** निम्नलिखित में से कौन-सा पत्रकारिता का प्रकार नहीं है :

(1) खोजपरक पत्रकारिता

(2) वाचडॉग पत्रकारिता

(3) एडवोकेसी पत्रकारिता

(4) स्वदेश पत्रकारिता

**117.** निम्नलिखित में से कौन-सा संपादन का सिद्धांत नहीं है :

(1) वस्तुपरकता

(2) पक्षधरता

(3) तथ्यों की शुद्धता

(4) संतुलन

**118.** निम्नलिखित में संचार का प्रकार नहीं है :

(1) अंत: वैयक्तिक संचार

(2) एकल संचार

(3) अंतर वैयक्तिक संचार

(4) जनसंचार

**119.** निम्नलिखित में जनसंचार की विशेषता नहीं है :

(1) जनसंचार में फीडबैक तुरंत नहीं प्राप्त होता है।

(2) जनसंचार के दर्शकों का दायरा बहुत व्यापक होता है।

(3) जनसंचार के श्रोताओं का दायरा बहुत सीमित होता है।

(4) जनसंचार माध्यमों के जरिये प्रसारित संदेशों की प्रकृति सार्वजनिक होती है।

pgtprime.com

**120.** निम्नलिखित में से कौन–सा जनसंचार का प्रमुख कार्य नहीं होना चाहिये।

(1) निगरानी करना

(2) मनोरंजन करना

(3) आत्म प्रचार करना

(4) सूचना देना

pgtprime.com